समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 19 August 2026

# WhatsApp का नया धमाका ! अब छोटे ग्रुप्स मे भी कर सकेगें वॉइस चैट, जानिए कैसे करेगा काम।

Publisher

Published on 03 Jun 2025



## अब 3-4 लोगों वाले छोटे ग्रुप मे भी बिना कॉल किए कर पाएंगे ग्रुप ऑडियो बातचीत, WhatsApp का नया ऑडियो हैगंआउट फीचर लॉन्च।

**टेक न्यूज़,नई दिल्ली : WhatsApp ने अपने यूज़र्स** के लिए एक बड़ा और बेहद उपयोगी फीचर लॉन्च किया है। अब छोटे ग्रुप्स, जिनमें सिर्फ **3-4 सदस्य** हैं, वे भी **वॉइस चैट** का लाभ उठा सकेंगे। पहले यह सुविधा सिर्फ बड़े ग्रुप्स तक ही सीमित थी, लेकिन अब इसका दायरा और उपयोगिता दोनों बढ़ गई है।

**क्या है WhatsApp का नया वॉइस चैट फीचर ?**
इस नए फीचर को **WhatsApp** ने नाम दिया है "**ऑडियो हैगंआउट**"। इसका मतलब है कि यूज़र्स अब बिना कॉलिंग के झंझट के, एक इंटरैक्टिव वॉइस बातचीत शुरू कर सकते हैं। यह बातचीत बिलकुल **Clubhouse** या **X Spaces** की तरह काम करती है—लेकिन WhatsApp चैट के भीतर ही।

**कैसे करेगा काम ये वॉइस चैट फीचर ?**
१. **ग्रुप के मेबंर्स को रिंग नहीं आएगी, केवल एक नोटिफिकेशन मिलेगा।**
२. **कोई भी सदस्य अपनी सहूलियत से जुड़ सकता है या छोड़ सकता है।**
३. **वॉइस चैट चैट स्क्रीन के नीचे पिन होगी, जिससे कंट्रोल्स आसान हो जाएंगे।**
४. **अगर ग्रुप मे कोई नया सदस्य जुड़ता है, तो वह भी ongoing वॉइस चैट देख और उसमे शामिल हो सकता है।**

**वॉइस चैट कैसे शुरू करे ?**

१. **अपने WhatsApp ग्रुप चैट मे जाएं।**

२. **चैट बॉक्स के ठीक ऊपर ऊपर की ओर स्वाइप करे।**

३. **कुछ सेकंड के लिए होल्ड करे।**

४. **वॉइस चैट ऑटोमेटिकली एक्टिवेट हो जाएगी।**

**क्या है WhatsApp का मकसद ?**

हालांकि कंपनी ने इसकी कोई आधिकारिक वजह नहीं बताई है, लेकिन यह जरूर कहा गया है कि बाकी चैट्स और कॉल्स की तरह यह **वॉइस चैट** भी **एंड-टू-एंड एन्क्रिप्टेड** होगी। **WhatsApp** अब चाह रहा है कि यूज़र्स को ऐसा फीचर मिले जो **कॉन्फ्रेंस कॉल** और **सोशल ऑडियो प्लेटफॉर्म्स** का कॉम्बिनेशन हो।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.